अति तत्काल

**सं. एन-22/2/2021-पी एंड सी**

भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
(उपभोक्ता मामले विभाग)

कृषि भवन, नई दिल्ली
दिनांक 22 फरवरी, 2022

**विषय:- उपभोक्ता मामले विभाग के संबंध में जनवरी, 2022 माह के लिए मंत्रिमंडल के लिए मासिक सारांश – के संबंध में।**

********

अधोहस्ताक्षरी को इस पत्र के अनुलग्नक के रूप में, उपभोक्ता मामलों के विभाग के संबंध में जनवरी, 2022 माह के लिए मासिक सारांश के अवगीकृत भाग को सूचनार्थ संलग्न करने का निदेश हुआ है।

संलग्नक:यथोक्त

(सुरेन्द्र सिंह)
निदेशक, भारत सरकार
फोन नं. 2338 43 90

प्रति संलग्नकों सहित, ई मेल के माध्यम से अग्रेषित

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य।
2. पीआईबी/सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय।
3. उपराष्ट्रपति के सचिव।
4. मंत्रिमंडल सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली
5. सचिव, भारत सरकार। (सूची के अनुसार)
6. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाऊस, नई दिल्ली।
7. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
8.निदेशक (एनआईसी) को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

**उपभोक्ता मामले विभाग**

**जनवरी, 2022 माह के दौरान उपभोक्ता मामले विभाग के महत्वपूर्ण कार्यकलाप**

जनवरी, 2022 माह के दौरान उपभोक्ता मामले विभाग के महत्वपूर्ण कार्यकलाप।

**1. मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ):**

(क) मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के अंतर्गत मसूर के आयात के लिए दूसरी किश्त के रूप में नेफेड को 265 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

(ख) वित्तीय वर्ष 2021-22, रबी 2021 के दौरान पीएसएफ के अंतर्गत 2 लाख मीट्रिक टन प्याज की खरीद के लिए नेफेड को 92.37 करोड़ रुपये जारी किए गए।

(ग) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के संबंधित नागरिक आपूर्ति विभागों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार अखिल भारतीय मासिक औसत खुदरा मूल्यों के लिए दिसंबर, 2021 की तुलना में जनवरी, 2022 माह के लिए मूल्य रूझान **अनुलग्नक-I** में दिए गए हैं।

**2. उपभोक्ता संरक्षण:**

माह के दौरान, उपभोक्ता शिकायतें दर्ज करने के लिए मणिपुर और राजस्थान में ई-दाखिल पोर्टल शुरू किया गया। इसके साथ ही ई-फाइलिंग पोर्टल शुरू करने वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की कुल संख्या 26 हो गई है। राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग (एनसीडीआरसी) को पहले से ही ई-दाखिल पोर्टल के माध्यम से उपभोक्ता शिकायतें प्राप्त हो रही हैं।

**3. भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस):**

3.1 नवीनतम उपकरणों के साथ एक पश्मीना परीक्षण सुविधा की स्थापना के लिए 19 जनवरी, 2022 को पश्मीना हितधारकों के साथ एक परामर्श बैठक आयोजित की गई थी। भारतीय मानक ब्यूरो ने वैश्विक मानकों के अनुरूप पश्मीना के परीक्षण के लिए एक आईएस मानक जारी किया है।

3.2 भारतीय मानक ब्यूरो ने 21 जनवरी, 2022 को जेटीसी 1एए/जी 11/एएचजी 9 डीडीआईआई सीटीआरए की 5 वीं बैठक आयोजित की। एएचजी की स्थापना आईएसओ/आईईसी मानक के रूप में अपनाने के लिए इसकी उपयुक्तता हेतु भारतीय मानक आईएस 18000 को समीक्षा करने के लिए की गई थी और समूह का नेतृत्व विशेषज्ञों के द्वारा किया जाता है। बैठक में भारत से प्रस्तुत किए जाने वाले 'स्मार्ट शहरों के लिए एकीकृत डिजिटल अवसंरचना आईसीटी निर्देश वास्तुकला' (आईएस 18000 पर आधारित) पर एनपी (फार्म 4) के मसौदे की समीक्षा और चर्चा की गई।

3.3 भारतीय मानक ब्यूरो ने 24 जनवरी, 2022 को आयोजित कपड़ा, वाणिज्य और उद्योग तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण के माननीय मंत्री श्री पीयूष गोयल के साथ सीमेंट निर्माता संघ की एक बैठक में भाग लिया, जिसमें एचडीपीई/पीपी सीमेंट बैग और परीक्षण के लिए मानक रेत से संबंधित मुद्दे पर चर्चा की गई।

3.4 घरेलू विनिर्माताओं को 373 नए लाइसेंस प्रदान किए गए थे और विदेशी विनिर्माताओं को एक लाइसेंस प्रदान किया गया था। इसके अतिरिक्त, घरेलू विनिर्माताओं को 23,337 लाइसेंस प्रदान किए गए और विदेशी विनिर्माताओं के 42 लाइसेंस का नवीनीकरण किया गया।

3.5 अनिवार्य पंजीकरण स्कीम के अंतर्गत, जनवरी 2022 के महीने में 394 नए पंजीकरण प्रदान किए गए, 844 समावेशन और 318 नवीनीकरण पूरे किए गए। महीने के दौरान संचालित पंजीकरणों की संख्या 19363 थी।

3.6 हॉलमार्किंग स्कीम के अंतर्गत, 3240 नए ज्वैलर्स पंजीकृत किए गए हैं और माह के दौरान 33 नए ए एंड एच केंद्रों को मान्यता दी गई है। इसके अतिरिक्त, भारतीय मानक ब्यूरो के अधिकारियों के लिए 12 से 14 जनवरी, 2022 तक एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें कुल 25 कर्मियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया था।

3.7 भारतीय मानक ब्यूरो के अधिकारियों ने पशुपालन विभाग (डीएएचडी) की संयुक्त सचिव श्रीमती वर्षा जोशी की अध्यक्षता में 14 जनवरी, 2022 को आयोजित एक बैठक के दौरान दुग्ध और दुग्ध उत्पादों के लिए अनुरूपता मूल्यांकन योजना पर एक प्रस्तुति दी, जिसमें डीएएचडी और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

3.8 06 जनवरी, 2022 को, भारतीय मानक ब्यूरो ने अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूरे हो जाने पर प्लैटिनम जुबली मनाई। डाक विभाग द्वारा इस अवसर की स्मृति में एक विशेष कवर का विमोचन किया गया था।

3.9 आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए, जनवरी, 2022 के माह के दौरान भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा 'स्वतंत्रता से गुणवत्ता में सामूहिक यात्रा तक' पर एक वेबिनार और स्कूलों/कॉलेजों में मानक क्लब कार्यकलाप पर तीन कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

## 4. स्वच्छता अभियान के लिए विशेष अभियान:

विभाग सक्रिय रूप से विभाग और इसके सभी संबद्ध और अधीनस्थ संगठनों में स्वच्छता अभियान चला रहा है। यह प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के पोर्टल पर वीआईपी संदर्भों, संसदीय आश्वासन, राज्य सरकार के संदर्भों, लोक शिकायतों, अभिलेख प्रबंधन (फाइल) की स्थिति को नियमित रूप से अद्यतन कर रहा है। विवरण इस प्रकार है:

4.1 **फाइलों का डिजिटलीकरण**: फाइलों की स्कैनिंग के लिए हायर की गई एजेंसी ने कुल 3639 फाइलों को शामिल करते हुए 600,000 से अधिक पृष्ठों को स्कैन किया है। 43,807 फाइलों और रजिस्टरों की छंटाई की गई थी।

4.2 **कार्यस्थल एवं फर्नीचर:** माड्यूलर कार्यालय फर्नीचर के साथ दो अनुभागों का आधुनिकीकरण किया गया है। अन्य अनुभागों/इकाइयों को भी चरणबद्ध तरीके से समाविष्ट किया जा रहा है ताकि एक समान विन्यास के लिए फर्नीचर उपलब्ध कराए जा सकें।

4.3 **शौचालयों की स्वच्छता:** संयुक्त सचिव (प्रशासन), कृषि और किसान कल्याण विभाग की अध्यक्षता वाली समन्वय समिति ने एच विंग का पांचवां तल तथा पुरुष शौचालय को और इस विभाग की स्वच्छता बनाए रखने

के लिए आवंटित किया है। एक पर्यवेक्षी दल पांचवे तल के एच विंग और इसके शौचालय की स्वच्छता की गुणवत्ता का निरीक्षण करता है।

4.4 **कार्यालय परिसरों की संवारना:** सीपीडब्ल्यूडी को सभी लाइट फिटिंग को एलईडी लैंप से बदलने का निर्देश दिया गया है। कमरों की सफेदी, दरवाजों/फिक्सचर को चमकाने और विभिन्न उपयोगिताओं के तारों को छिपाने का कार्य भी किया गया है।

**5. एसीसी निर्देश:** सुश्री रूपा दत्ता को कार्यमुक्त करने के बाद वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार का पद 17.07.2021 से रिक्त है। इस पद के लिए संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी होने के नाते आर्थिक कार्य विभाग द्वारा इस पद को भरा जाना चाहिए। अत:, विभाग के पास कोई एसीसी निदेश लंबित नहीं है।

अनुलग्नक-I

**आवश्यक वस्तुओं की कीमतें – एक माह के रूझान :**

राज्य सरकारों/केन्द्र शासित प्रदेशों के संबंधित नागरिक आपूर्ति विभागों द्वारा मुख्य रूप से मोबाइल ऐप के माध्यम से दैनिक आधार पर दी गई सूचना के अनुसार देश भर के 179 केन्द्रों से 22 आवश्यक वस्तुओं की अखिल भारतीय मासिक औसत खुदरा मूल्यों का वास्तविक समय-समय के आधार पर विभाग की वेबसाइट के माध्यम से इनका प्रसार सक्षम हो जाता है। दिसंबर, 2021 की तुलना में जनवरी, 2022 के महीने के लिए संकलित किए गए औसत खुदरा मूल्य का विवरण निम्नलिखित है:-

**आवश्यक वस्तुओं का अखिल भारतीय मासिक औसत खुदरा मूल्य (₹ /कि.ग्रा.)**

| क्रम सं. | वस्तु | जनवरी, 2022 (नवीनतम) | दिसंबर, 2021 (विगत माह) | अंतर (₹ में) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1 | चावल | 35 | 35 | 0 |
| 2 | गेहूं | 28 | 28 | 0 |
| 3 | आटा | 31 | 31 | 0 |
| 4 | चना दाल | 75 | 75 | 0 |
| 5 | तूर दाल | 102 | 103 | -1 |
| 6 | उड़द दाल | 106 | 107 | -1 |
| 7 | मूंग दाल | 102 | 102 | 0 |
| 8 | मसूर दाल | 97 | 97 | 0 |
| 9 | चीनी | 41 | 42 | -1 |
| 10 | दूध (प्रति लीटर) | 50 | 50 | 0 |
| 11 | मूँगफली का तेल | 180 | 181 | -1 |
| 12 | सरसों का तेल | 185 | 187 | -2 |
| 13 | वनस्पति | 138 | 138 | 0 |
| 14 | सोया तेल | 148 | 151 | -3 |
| 15 | सूरजमुखी का तेल | 162 | 164 | -2 |
| 16 | पॉम ऑयल | 128 | 130 | -2 |
| 17 | गुड़ | 48 | 49 | -1 |
| 18 | खुली चाय | 287 | 287 | 0 |
| 19 | नमक का पैक | 19 | 18 | 1 |
| 20 | आलू | 21 | 24 | -3 |
| 21 | प्याज | 35 | 35 | 0 |
| 22 | टमाटर | 35 | 54 | -19 |

**स्रोत: राज्य नागरिक आपूर्ति विभाग**